एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

संजय लीला भंसाली की गंगूबाई काठियावाड़ी में लीड रोल निभाएंगी आलिया भट्ट

बॉलिवुड में हर ऐक्टर और ऐक्ट्रेस डायरेक्टर संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहता है। इसी कड़ी में शामिल है आलिया भट्ट का भी नाम। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जल्दी ही वह भंसाली की आने वाली फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में नजर आएंगी। बहरहाल उनके ऑपोजिट कौन से कलाकार होंगे, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक भंसाली की आने वाली यह फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी 11 सितंबर 2020 को रिलीज होगी। आलिया इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। ऐक्टर के बारे में खबरें आ रही थीं कि कार्तिक आर्यन को लिया जा सकता है। लेकिन हाल ही में यह भी सुनने में आया कि कार्तिक संजय लीला भंसाली प्रॉडक्शन में काम जरूर करेंगे लेकिन फिलहाल वह गंगूबाई काठियावाड़ी का हिस्सा नहीं हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ अमिताभ बच्चन और मौनी रॉय दिखाई देंगे और यह फिल्म साल के अंत तक रिलीज होगी। इसके अलावा वह करण जौहर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म तख्त का भी हिस्सा होंगी। इसमें उनके अलावा रणवीर सिंह, करीना कपूर सहित अन्य कलाकार होंगे।

शिद्दत मेरी पहली इंटेंस लव स्टोरी फिल्म है: डायना पेंटी

डायना पेंटी ने बॉलिवुड में फिल्म कॉकटेल से एंट्री की थी। इसके बाद वह हैप्पी भाग जाएगी में नजर आई। इस फिल्म में उनकी हैप्पी की भूमिका ने दर्शकों के दिलों पर अलग ही छाप छोड़ी।

इसके बाद वह हैप्पी फिर भाग जाएगी और खानदानी शफाखाना में भी नजर आईं। बहरहाल इन सभी फिल्मों में उनके किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया। अब एक बार फिर से लेकिन कुछ अलग से किरदार में डायना पेंटी नजर आने वाली हैं। डायना पेंटी ने हाल ही में अपनी आने वाली फिल्म शिद्दत- जर्नी बियॉन्ड लव के बारे में बात की।

उन्होंने कहा कि यह पहली इंटेंस लव स्टोरी फिल्म है। यही वजह है कि इस फिल्म को लेकर वह खासी उत्साहित भी हैं। उन्होंने बताया कि शिद्दत को करने की खास वजह इसका लव स्टोरी होना ही है।

डायना ने बताया कि फिल्म 2020 के मध्य में रिलीज होगी। बता दें कि इस फिल्म में विकी कौशल के भाई सनी कौशल, राधिका मदन और मोहित रैना जैसे स्टार्स नजर आएंगे। इसमें सनी के ऑपोजिट राधिका होंगी। वहीं मोहित के ऑपोजिट डायना दिखेंगी। फिल्म का डायरेक्शन कुणाल देशमुख करेंगे जिन्होंने जन्नत और तुम मिले जैसी फिल्में बनाई थीं।

शिद्दत की शूटिंग पंजाब, लंदन और पेरिस में होगी। कहानी के बारे में बताया जा रहा है कि इसमें एक समान दो प्लॉटलाइंस होंगी जिसमें दोनों कपल्स की कहानी होगी।

मुझे लगता है पुलकित और मैं एक साथ काफी अच्छे लगते हैं: कृति खरबंदा

कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट को भले ही कई बार एक साथ स्पॉट किया गया हो या फिर उनके अफेयर के चर्चे हो रहे हों। लेकिन फिलहाल दोनों ने इस विषय पर कभी खुलकर कोई बात नहीं कही। यह अलग बात है कि कृति की बातों से अक्सर ही यह बात सामने आती है कि वह पुलकित को पसंद करती हैं। अभी हाल ही में कृति ने ऐसी ही एक और बात कही।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक इंटरव्यू के दौरान कृति ने कहा कि वह और पुलकित एक साथ काफी अच्छे लगते हैं। अगले सवाल पर कि क्या वह एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं? कृति ने कहा कि यह पता करना तो लोगों का काम है। उन्होंने आगे कहा कि वह न ही हां कह रही हैं और न ही ना। इसके बाद वह हंसने लगीं। बहरहाल कृति और पुलकित अपने रिलेशनशिप को लेकर कुछ कहे न कहें लेकिन दोनों के चर्चे काफी हो रहे हैं। बता दें कि पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा ने सबसे पहले फिल्म वीरे की वेडिंग में साथ काम किया था। इसके बाद अब वह अनीस बज्मी की फिल्म पागलपंती में साथ नजर आएंगे। इसमें उनके अलावा अनिल कपूर, जॉन अब्राहम, अरशद वारसी, इलियाना, उर्वशी रौतेला और सौरभ शुक्ला भी शामिल हैं। फिल्म 22 नवंबर 2019 को रिलीज होगी।